हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
5 नवंबर 2022, कार्तिक शुक्ल पक्ष, द्वादशी, विक्रम संवत 2079, बरेली

PAGE NO : 4 MIDDLE

'अकबर द ग्रेट नहीं रहे' का मंचन किया

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में दूसरे थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष रंग महोत्सव 2022 के चौथे दिन शुक्रवार को नई दिल्ली के पिय्रोट्स ग्रुप ने हास्य नाटक 'अकबर द ग्रेट नहीं रहे' का मंचन किया। नाटक का आरंभ अकबर की महानता पर सवाल उठाने से हुआ हालांकि उसे स्वर्ग में अशोक से लेकर सिकंदर तक सहारा मिलता है। लेकिन अपना नाम बचाने के लिए उसे धरती के किसी बाशिंदे की जरूरत पड़ती है। नाटक में सुमित भारद्वाज, भूमि एन सिराज, डॉ. एम सईद आलम जैसे देश के प्रमुख कलाकारों ने अभिनय किया। नाटक को मृणाल माथुर ने लिखा है।